वर्ष-01, अंक- 325
छपरा
29 सितम्बर रविवार 2024
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

# निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश

## चुनावी बॉन्ड से उगाही करने का है आरोप, कर्नाटक सीएम ने मांगा इस्तीफा

बेंगलुरु (एजेंसी)। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया गया। उनके खिलाफ चुनावी बॉन्ड के जरिए उगाही करने का आरोप लगाया गया है। बेंगलुरु की एक विशेष लोक अदालत ने इस शिकायत पर सुनवाई करते हुए वित्त मंत्री के अलावा कई दूसरे नेताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जनाधिकार संघर्ष परिषद (जेएसपी) के सह-अध्यक्ष आदर्श अय्यर ने बेंगलुरु में जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत में शिकायत दर्ज कर केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश देने की मांग की थी। उन्होंने शिकायत की थी कि चुनावी बॉन्ड के जरिए डरा-धमकाकर जबरन वसूली की गई। याचिका पर सुनवाई करते हुए अदालत ने बेंगलुरु के तिलक नगर पुलिस स्टेशन को चुनावी बॉन्ड के जरिए जबरन वसूली के मामले में एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। एसीएमएम कोर्ट ने एक आदेश जारी कर शिकायत की एक प्रति और रिकॉर्ड थाने को भेजने का निर्देश भी दिया है। एफआईआर लंबित होने के कारण सुनवाई 10 तारीख तक के लिए टाल दी गई है।

## मालदीव का चीन से हुआ मोहभंग! भारत आएंगे मुइज्जू

'इंडिया आउट' वाले स्टैंड पर लिया यूटर्न,बताया सच्चा दोस्त

माले (एजेंसी)। मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू अक्टूबर के दूसरे सप्ताह में भारत की यात्रा करने वाले हैं। उनकी इस यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में आई कड़वाहट को दूर करने की कोशिश के तौर देखा जा रहा है। आपको बता दें कि मुइज्जू पिछली बार 9 जून को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में भाग लेने के लिए छह अन्य क्षेत्रीय देशों के नेताओं के साथ नई दिल्ली आए थे। वे 6-10 अक्टूबर के दौरान द्विपक्षीय यात्रा के लिए भारत में रहेंगे। नाम नहीं बताने की शर्त पर दोनों देशों के लोगों ने बताया कि पीएम मोदी के साथ उनकी बैठकें 7 अक्टूबर को होने की संभावना है। अपनी इस यात्रा से पहले मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने इंडिया आउट के किसी भी एजेंडे से इनकार करते हुए कहा कि उनके देश में विदेशी सेना की उपस्थिति द्वीपीय देश के लिए एक गंभीर समस्या थी। संयुक्त राष्ट्र महासभा के 79वें सत्र में शामिल होने के लिए अमेरिका पहुंचे मुइज्जू ने गुरुवार को प्रिंसटन विश्वविद्यालय के कार्यक्रम 'डीन्स लीडरशिप सीरीज' में एक सवाल के जवाब में यह टिप्पणी की थी। मालदीव के समाचार पोर्टल 'अधाधू डॉट कॉम' ने उनके हवाले से कहा, ''हम किसी भी समय, किसी भी देश के खिलाफ कभी नहीं रहे। यह भारत को बाहर करना नहीं है।

## गरीबों को प्लॉट,महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपए

### हरियाणा में कांग्रेस ने जारी किया घोषणापत्र, किया बड़ा वादा

चंडीगढ़ (एजेंसी)। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने आज चंडीगढ़ में 53 पन्नों का डिटेल्ड मेनिफेस्टो जारी कर दिया। पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा, ऑब्जर्वर पूर्व राजस्थान सीएम अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष उदयभान ने से जारी किया। मेनिफेस्टो में सरकारी कर्मचारियों के लिए ओल्ड पेंशन स्कीम और महिलाओं को हर महीने दो हजार रुपए देने सहित कई वादे किए गए हैं। किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी व फसल खराब पर तुरंत मुआवजा देने का वादा किया गया है। हालांकि कांग्रेस के घोषणा पत्र में अग्निवीर को लेकर कोई जिक्र नहीं है। कांग्रेस लगाता चुनाव में अग्निवीर को शहीद का दर्जा न देने और पेंशन छीने जाने का विरोध करती रही है। 7 दिन पहले दिल्ली में कांग्रेस प्रदेश के लोगों के लिए 7 गारंटियां दे चुकी है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुआई में 7 वादे-पक्के इरादे के नाम से इसे जारी किया गया था। इस दौरान सिरसा सांसद कुमारी सैलजा और राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला गैरहाजिर रहे। मेनिफेस्टो में कांग्रेस की घोषणाएं : हरियाणा में ओल्ड पेंशन योजना लागू करने का वादा। एसवाईएल नहर विवाद सुलझाने का वादा किया है। किसान आंदोलन में मारे गए 700 से अधिक शहीद किसानों के एक परिजन को सरकारी नौकरी देने का वादा। किसानों की हर फसल एमएसपी पर बिकेगी। 18 से 60 साल की महिलाओं के खाते में हर महीने 2 हजार रुपए आएंगे।

### लालू यादव ने 32 बार लिखा बिहार=बलात्कार

# उपेन्द्र कुशवाहा ने कहा- आपके जमाने में तो सीएम हाउस में ही अपराध की पटकथा लिखी जाती थी





**पटना ,एजेन्सी।** नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने बिहार में हुए 20 बलात्कार की घटनाओं की सूची जारी की है। उन्होंने लिखा है कि सुशासन पर बदनुमा दाग है महिलाओं का बलात्कार। तेजस्वी ने एक दिन पहले भी क्राइम बुलेटिन जारी किया था। हत्या समेत बलात्कार की कई घटनाओं का जिक्र किया था।

शनिवार को तेजस्वी ने बलात्कार की घटनाओं की लिस्ट को आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद ने रिपोस्ट किया है। साथ ही लिखा है कि बिहार मतलब बलात्कार। इसके बाद लालू प्रसाद को सोशल मीडिया पर यूजर्स ने ट्रोल करना शुरू कर दिया। लोग लालू प्रसाद के कार्यकाल के घोटाले गिनाते नजर आए। शिल्पी गौतम कांड और चंपा विश्वास कांड को भी याद दिलाया।वहीं, राज्य सभा सांसद और राष्ट्रीय लोक मोर्चा प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा ने लालू यादव पर जोरदार हमला किया है। उन्होंने कहा कि आपके जमाने में सीएम हाउस से अपराध की पटकथा लिखी जाती थी और अपराधियों को संरक्षण दिया जाता था।

यह तस्वीर राबड़ी आवास की करीब दो साल पुरानी है, जब नीतीश ने आरजेडी से मिलकर सरकार बनाई थी।

यह तस्वीर राबड़ी आवास की करीब दो साल पुरानी है, जब नीतीश ने आरजेडी से मिलकर सरकार बनाई थी।

**लालू प्रसाद को उपेन्द्र कुशवाहा का जवाब :** उपेन्द्र कुशवाहा ने लालू प्रसाद को जवाब देते हुए सोशल मीडिया पर लिखा- जिस बिहार ने आपको अपने पलकों पर बैठाया, इतना विश्वास व्यक्त किया...! आज उसी बिहार के लिए 32 बार बिहार=बलात्कार कहना बिहारी अस्मिता और बिहार के गौरवशाली इतिहास पर हमला नहीं है क्या ? किसी क्षेत्र में बलात्कार जैसे जघन्य अपराध होना, वहां के कुछ लोगों की आपराधिक मानसिकता का परिणाम है।

## लालू के करीबी पूर्व MLC सुनील सिंह की बढ़ी मुश्किलें :कोर्ट ने धोखाधड़ी मामले में जारी किया वारंट

**पटन,एजेन्सी।** RJD के पूर्व MLC सुनील सिंह की मुश्किलें बढ़ गई है। 19 साल पुराने धोखाधड़ी के मामले में पटना सिटी कोर्ट ने इश्तेहार वारंट जारी किया है। मामला फतुहा से जुड़ा है। पटना पुलिस ने वारंट की कॉपी सुनील सिंह के पटना स्थित फ्लैट पर चिपकाया है। अब पुलिस किसी भी समय उन्हें गिरफ्तार कर सकती है। **कोर्ट में हाजिर नहीं हुए थे सुनील सिंह** :2005 में सुनील सिंह पर लेन-देन में हेराफेरी का आरोप लगा था। इसके बाद फतुहा थाने में केस दर्ज कराया गया था। इसको लेकर कोर्ट ने सुनील कुमार सिंह को हाजिर होने को कहा था। लेकिन, वो कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। इसके बाद कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया है।

### लालू परिवार के बेहद करीबी

सुनील सिंह राबड़ी देवी के मुंहबोले भाई हैं। लालू परिवार के बेहद करीबी माने जाते है। बिहार विधान परिषद में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मिमिक्री करने के बाद सुनील सिंह की सदस्यता चली गई थी। पटना सिटी न्यायिक दंडाधिकारी प्रतिमा कुमारी की अदालत ने वारंट जारी किया है। साथ ही पुलिस को गिरफ्तार करने का भी आदेश दिया है।

### जमीन सर्वे के लिए डॉक्यूमेंट जमा करने का समय बढ़ाएं

# सीएम नीतीश ने की हाईलेवल मीटिंग, बोले- लोगों को नहीं होनी चाहिए परेशानी



**पटना ,एजेन्सी।** बिहार में लैंड सर्वे को लेकर जारी विरोध के बीच सीएम नीतीश कुमार ने शनिवार को पटना में हाईलेवल मीटिंग की। बैठक में मुख्यमंत्री ने डॉक्यूमेंट जमा करने के लिए और समय देने का निर्देश दिया है।

सीएम ने कहा है कि बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्य को समय पर पूरा किया जाए। इस दौरान रैयतधारी को किसी प्रकार की कठिनाई नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि भू-धारकों को डॉक्यूमेंट्स अपलोड करने के लिए अधिक समय दिया जाए, ताकि कार्यालयों में अनावश्यक भीड़ नहीं हो।

**भूमि सर्वे का प्रचार-प्रसार किया जाए :**मुख्यमंत्री ने कहा कि अंचल कार्यालयों में लंबित म्यूटेशन और परिमार्जन के मामलों का तेजी से अभियान चलाकर निष्पादन किया जाए, ताकि भू धारकों को समुचित कागजात मिल सके।

सर्वे कार्य के लिए डॉक्यूमेंट्स का काम और म्यूटेशन, परिमार्जन एवं अभिलेखों के दुरुस्त करने का कार्य समानांतर तरीके से चलते रहना चाहिए।

**सर्वेक्षण कार्य की निगरानी की जाए-**मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि सर्वेक्षण का प्रचार-प्रचार किया जाए। साथ ही अंचल स्तर पर कर्मियों की प्रतिनियुक्ति की जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि उच्च स्तर पर सर्वेक्षण कार्य की निगरानी एवं समीक्षा करते रहें।

### राहुल के राममंदिर में नाच-गाना वाले बयान से संत नाराज

## मुख्य पुजारी बोले- जाकी रही भावना जैसी ; हनुमानगढ़ी के महंत ने कहा- उनकी बुद्धि खराब

**अयोध्या,एजेन्सी।** राम मंदिर में राहुल गांधी के नाच-गाना वाले बयान को लेकर अयोध्या के साधु-संतों ने नाराजगी जताई है। राहुल ने 26 सितंबर को हरियाणा में चुनाव प्रचार के दौरान कहा था, अयोध्या के राम मंदिर के उद्घाटन में राष्ट्रपति को नहीं आने दिया गया। उनसे कहा गया कि आप आदिवासी हो। आप अंदर आ ही नहीं सकती, अलाउ नहीं है। अयोध्या में नाच-गाना चल रहा है। उनके बयान पर राम मंदिर के मुख्य पुजारी सत्येंद्र दास ने कहा, कांग्रेस सरकार शुरू से कह रही है कि राम का अस्तित्व नहीं है। ऐसे में उनके नेता तो ऐसा बोलेंगे ही। जाकी रही भावना जैसी, प्रभु मूरत देखी तिन तैसी। प्राण प्रतिष्ठा को राहुल अगर नौटंकी बता रहे हैं, तो उनकी ऐसी भावना रही होगी। उनकी नजर में यह नौटंकी है, लेकिन भक्तों की नजर में प्राण प्रतिष्ठा हुई।

### अब सुप्रीम अदालत में पहुंचा तिरुपति 'लड्डू में पशु चर्बी' का विवाद

# सोमवार को होगी सुनवाई,बीजेपी नेता सुब्रमण्यम स्वामी ने लगाई याचिका




**नई दिल्ली (एजेंसी)।** तिरुपति के प्रसिद्ध लड्डुओं में कथित रूप से पशु चर्बी के इस्तेमाल का विवाद सुप्रीम कोर्ट पहुंच चुका है। देश की शीर्ष अदालत में इस मामले पर सोमवार को सुनवाई होगी। यह याचिकाएं भाजपा नेता सुब्रमण्यम स्वामी और पूर्व तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम के अध्यक्ष वाईवी सुब्बा रेड्डी द्वारा दायर की गई हैं। सुब्बा रेड्डी वाईएसआर कांग्रेस पार्टी से राज्यसभा सांसद हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने हाल में आरोप लगाया था कि राज्य में युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) की पूर्ववर्ती सरकार ने श्री वेंकटेश्वर मंदिर को भी नहीं बख्शा और लड्डुओं को बनाने के लिए घटिया सामग्री एवं पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया। उन आरोपों के कारण देश में एक बड़ा विवाद खड़ा हो गया और करोड़ों हिंदुओं की भावनाएं आहत हुईं। अब सुब्रमण्यम स्वामी और वाईवी सुब्बा रेड्डी दोनों ने सुप्रीम कोर्ट से इस मामले की जांच अदालत की निगरानी में करवाने की मांग की है। भाजपा नेता ने इस हफ्ते की शुरुआत में दायर अपनी जनहित याचिका (PIL) में सुप्रीम कोर्ट से आंध्र प्रदेश सरकार को लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी की विस्तृत रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश देने का आग्रह किया है, साथ ही एक विस्तृत फॉरेंसिक रिपोर्ट भी मांगी है। राज्य सरकार ने गुजरात की एक लैब रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया था कि लड्डू बनाने में इस्तेमाल किए गए घी में बीफ टैलो, मछली का तेल और लार्ड (सूअर की चर्बी) के अंश पाए गए हैं। याचिका में कहा गया, ÷मंदिर के प्रसाद बनाने के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले विभिन्न सामानों की आपूर्ति करने वाले आपूर्तिकर्ताओं की गुणवत्ता की जांच और सत्यापन के लिए आंतरिक रूप से संतुलन और निगरानी की जानी चाहिए थी।÷ इस बीच आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुपति में भगवान वेंकटेश्वर के मंदिर में चढ़ाए जाने वाले लड्डू में कथित रूप से पशु चर्बी मिलाए जाने के मामले की जांच के लिए नौ सदस्यीय विशेष जांच दल (एसआईटी) नियुक्त किया है। मुख्य सचिव नीरभ कुमार प्रसाद ने बृहस्पतिवार देर रात जारी आदेश में कहा, ''आंध्र प्रदेश सरकार ने तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) की पवित्रता की रक्षा करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, पूरे मामले की विस्तृत और व्यापक जांच करने के लिए एक एसआईटी गठित करना आवश्यक समझा है।

### हिजबुल्लाह ने 20 घंटे बाद माना- चीफ नसरल्लाह मारा गयाः

# लेबनान में हेडक्वार्टर को 80 टन बम से उड़ाया,ईरानी सुप्रीम लीडर खामेनेई सुरक्षित जगह भेजे गए



**बेरूत (एजेंसी)।** इजराइली हमले में हिजबुल्लाह का चीफ हसन नसरल्लाह मारा गया है। इजराइल डिफेंस फोर्स ने शनिवार को यह दावा किया है। टाइम्स ऑफ इजराइल के मुताबिक, द्ब्रष्ट्र ने कहा कि उन्होंने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर 27 सितंबर को 80 टन बंकर बस्टर बम से हवाई हमला किया था, जहां नसरल्लाह भी मौजूद था। द्ब्रष्ट्र ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा कि अब दुनिया को नसरल्लाह से डरने की जरूरत नहीं है। वह आतंक नहीं फैला पाएगा। हालांकि हिजबुल्लाह की तरफ से अब तक नसरल्लाह की मौत की पुष्टि नहीं हुई है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने शुक्रवार को ह्र में भाषण देने के बाद अपने होटल रूम से हिजबुल्लाह के हेडक्वार्टर पर हमले की इजाजत दी थी। अटैक के बाद इजराइली क्क्रू ऑफिस ने नेतन्याहू की एक तस्वीर जारी की थी, जिसमें वे लैंडलाइन फोन से लेबनान में हमले का आदेश दे रहे हैं। इजराइली सेना ने बताया कि नसरल्लाह को मारने के लिए जो ऑपरेशन चलाया गया था उसे %न्यू ऑर्डर% नाम दिया गया था। बेरूत पर हमले के दौरान इजराइल के रक्षा मंत्री योव गैलेंट और द्ब्रष्ट्र के चीफ ऑफ स्टाफ कमांड सेंटर से ऑपरेशन पर नजर बनाए हुए थे। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, नसरल्लाह की मौत की खबर के बाद ईरान में सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह अली खामेनेई को सुरक्षित जगह पर शिफ्ट किया गया है। नसरल्लाह 1992 से ईरान समर्थित संगठन हिजबुल्लाह का चीफ था। जब उसे यह जिम्मेदारी मिली तब वह महज 32 साल का था। नसरल्लाह संगठन के फाउंडिंग मेंबर्स में से एक था। इजराइल ने 2 महीने के भीतर हिजबुल्लाह की पूरी लीडरशिप को खत्म कर दिया है। इजराइल ने 30 जुलाई को लेबनान पर एक एयरस्ट्राइक में हिजबुल्लाह के दूसरे सबसे सीनियर लीडर फुआद शुकर को मार गिराया था। इसके ठीक अगले दिन 31 जुलाई को ईरान पर हमला कर हमास चीफ इस्माइल हानियेह को भी मार दिया था। अब हिजबुल्लाह की लीडरशिप में कोई सीनियर नेता नहीं बचा है। वहीं हमास की लीडरशिप में सिर्फ याह्या सिनवार जीवित है, जो गाजा में मौजूद है। इजराइली मीडिया हाउस चैनल 12 ने नसरल्लाह के अलावा उसकी बेटी जैनब की मौत का भी दावा किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हिजबुल्लाह चीफ की बेटी का शव उस कमांड सेंटर के मलबे में मिला है जिस पर इजराइल ने हमला किया था। उन्होंने कहा कि लेबनान के अधिकारियों ने इसकी पुष्टि की है।

## आईफोन के एक्सेसरीज बनाने वाली टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग कंपनी में लगी आग, तमिलनाडु के होसुर में है प्लांट



**चैन्नई,एजेन्सी।** तमिलनाडु के कृष्णगिरि जिले में स्थित टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड (TEPL) की कंपनी में शनिवार तड़के भीषण आग लग गई। हादसा नागमंगलम के पास उद्दनपल्ली में हुआ। आग मोबाइल फोन एक्सेसरीज की पेंटिंग यूनिट में लगी। सभी कर्मचारियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया और आग बुझाने के लिए सात दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंच गई। दरअसल यह TEPL कंपनी आईफोन के लिए अलग-अलग एक्सेसरीज बनाता है। यहां लगभग 4,500 लोग काम करते हैं। इनमें से ज़्यादातर महिलाएं हैं। कर्मचारी शिफ़्ट में काम करते हैं।

**कब लगी आग?** कृष्णगिरि जिले के पुलिस अधीक्षक पी थानगदुरई ने बताया कि जब आग लगी, उस समय मोबाइल पैनल पेंटिंग यूनिट में कुछ ही कर्मचारी काम कर रहे थे। इसी यूनिट में केमिकल का भंडार भी था। तड़के लगभग 5:30 बजे आग भड़की, जिसके बाद सभी कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकाल लिया गया। पुलिस अधीक्षक थानगदुरई ने कहा कि दम घुटने से तीन कर्मचारियों को सांस लेने में तकलीफ हुई।

# चीन सीमा के पास भारतीय सेना को मिली जबरदस्त फायरिंग रेंज

### घातक हथियारों का होगा टेस्ट, 2020 से सीमा पर है तनावपूर्ण स्थिति



**तवांग (एजेंसी)।** भारतीय सेना ने अरुणाचल प्रदेश में एक नई फायरिंग रेंज स्थापित की है, जो सेना को होवित्जर और अन्य महत्वपूर्ण हथियारों का परीक्षण और अभ्यास करने में मदद कर रही है। सेना की रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी के महानिदेशक, लेफ्टिनेंट जनरल रैंक के अधिकारी ने बताया कि सेना को चीन के साथ उत्तरी सीमा के पास एक और फायरिंग रेंज मिलने की तैयारी है। उन्होंने कहा, तवांग सेक्टर में एक नई फायरिंग रेंज खोली गई है, जहां हम अपने होवित्जर तोपों का परीक्षण कर सकते हैं और उनकी क्षमताओं को जांच सकते हैं। यह पहली उच्च-ऊंचाई वाली रेंज है, और हम अन्य राज्यों में भी ऐसी और रेंज तलाशने का प्रयास कर रहे हैं। यह नई फायरिंग रेंज उस समय सामने आई है जब मई-जून 2020 से चीन के साथ सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति बनी हुई है। आर्टिलरी के आधुनिकीकरण योजनाओं पर बात करते हुए अधिकारी ने बताया कि भारतीय सेना की रेजिमेंट ऑफ आर्टिलरी तेजी से आधुनिक हो रही है और इसे एक निश्चित समय सीमा के भीतर पूरा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, हमारी आधुनिकीकरण और क्षमता विकास योजना आत्मनिर्भरता अभियान से जुड़ी है और स्वदेशीकरण के माध्यम से आधुनिकीकरण के सिद्धांत पर आधारित है। सेना में तोपखाना मामलों के महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अदोष कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए तोपखाना इकाइयों की क्षमताओं को बढ़ाने के लिए विभिन्न आधुनिक प्लेटफॉर्म और उपकरण खरीदे जा रहे हैं। उन्होंने 28 सितंबर को आर्टिलरी रेजिमेंट की 198वीं वर्षगांठ से पहले संवाददाताओं से कहा, ''आज, हम इतनी तेजी से आधुनिकीकरण कर रहे हैं, जितना पहले कभी नहीं किया गया और वह भी निर्धारित समय-सीमा के अंदर।''कुमार ने कहा कि हाइपरसोनिक मिसाइलों के लिए रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) की ओर से भी विकास कार्य प्रगति पर है। हाइपरसोनिक मिसाइल पांच मैक की गति या ध्वनि की गति से पांच गुना से अधिक गति से उड़ सकती हैं। सेना पहले ही 100 के-9 वज्र तोप प्रणाली तैनात कर चुकी है। यह 100 के-9एस की एक और खेप खरीदने की प्रक्रिया में है। के-9 वज्र मूल रूप से रेगिस्तान में तैनाती के लिए खरीदी गई थीं, लेकिन पूर्वी लद्दाख गतिरोध के बाद सेना ने इस ऊंचाई वाले क्षेत्र में भी बड़ी संख्या में हॉवित्जर तोपों को तैनात कर दिया है। अधिकारी ने बताया कि सेना में अब 155 मिमी कैलिबर की सभी तोप प्रणालियां स्टैंडर्ड होंगी। उन्होंने कहा कि सेना में अल्ट्रा-लाइट होवित्जर (ULH), K-9 वज्र, धनुष और शारंग सहित कई 155 मिमी कैलिबर तोपें शामिल की गई हैं। उन्होंने कहा, "ULH को उत्तरी सीमाओं पर शामिल किया गया है। ये हल्की तोपें हैं और इन्हें हेलीकॉप्टरों के माध्यम से लटकाकर ले जाया जा सकता है। K-9 वज्र तोप प्रणाली मैकेनाइज्ड ऑपरेशंस के लिए आदर्श है। धनुष तोपें बोफोर्स तोपों का इलेक्ट्रॉनिक अपग्रेड हैं, जबकि शारंग तोप प्रणाली को 130 मिमी से 155 मिमी कैलिबर में अपग्रेड किया गया है। लेफ्टिनेंट जनरल ने आगे बताया कि निकट भविष्य में और अधिक K-9 वज्र, धनुष और शरंग तोप प्रणालियों को सेना में शामिल किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सेना अन्य 155 मिमी तोप प्रणालियों को भी शामिल करने की प्रक्रिया में है, जिसमें एडवांस टोइड आर्टिलरी गन सिस्टम (ATAGS), माउंटेड गन सिस्टम (MGS) और टोइड गन सिस्टम (TGS) शामिल हैं।

# नेपाल द्वारा भारी मात्रा में पानी छोड़े जानें से मंडराने लगा बाढ़ की आशंका

● सारण तटबंध के निचले इलाकों में बसे लोगों को ऊंचे स्थान पर सुरक्षित एवं सचेत रहने की चेतावनी जारी ● संभावित बाढ़ को लेकर अलर्ट मोड में स्थानीय प्रशासन- मढ़ौरा एसडीओ


सारण तटबंध क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए मढ़ौरा एसडीओ डॉ.प्रेरणा सिंह

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश एवं नेपाल द्वारा वाल्मीकिनगर बराज से भारी मात्रा में पानी छोड़े जाने से गंडक नदी का जलस्तर एक बार फिर बढ़ने लगा है। जिससे सारण तटबंध के निचले इलाकों में बसे लोग संभावित बाढ़ की आशंका से सहमे है.नेपाल द्वारा भारी मात्रा में बाल्मिकी नगर बराज से गंडक नदी में पानी छोड़े जानें की सूचना के बाद स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड में आ गया है .शुक्रवार की शाम सीओ अभिजीत कुमार के नेतृत्व में प्रशासन ने माइकिंग के जरिए गंडक नदी के निचले इलाकों में बसे पृथ्वीपुर,बसहिया, सोनवर्षा , रामपुररुद्र आदि गांवों में बसे लोगो को सुरक्षित एवं सचेत रहने की सलाह दी व़ही संभावित बाढ़ की आशंका के मद्देनजर शनिवार को एसडीओ डॉ. प्रेरणा सिंह ने भी सारण तटबंध का निरीक्षण किया.उन्होंने बताया कि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए आपदा विभाग अलर्ट मोड में है .उन्होंने स्थानीय प्रशासन को सारण तटबंध की सतत निगरानी का निर्देश दिया ज़ल संसाधन विभाग के एसडीओ कमलेश कुमार ने बताया कि जल संसाधन विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मी पूरी तरह मुस्तैद है. बताया जा रहा है कि वाल्मीकिनगर बराज से शनिवार की दोपहर 12 बजे 4 लाख 20 हजार क्यूसेक, एक बजे 4 लाख 32 हजार क्यूसेक, 2 बजे 4 लाख 49 हजार क्यूसेक, 3 बजे 4 लाख 74 हजार क्यूसेक पानी छोड़ा गया है जो रविवार की देर रात तक पानापुर की सीमा में प्रवेश करेगा।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लगा एक दिवसीय निःशुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर

**दैनिक खोज खबर/भागलपुर।** शनिवार को मैटी अल्टरनेटिव मेडिकल कौंसिल दिल्ली के सौजन्य से शिव प्राण मैटी मिशन ऑफ इण्डिया के द्वारा भागलपुर जिलान्तर्गत नारायणपुर प्रखण्ड के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र गनौल वार्ड- 4 में नवल किशोर यादव के दरवाजे पर एक दिवसीय निःशुल्क इलेक्ट्रो होम्योपैथिक चिकित्सा सह जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में डॉ.सुभाष कुमार विद्यार्थी के द्वारा चर्मरोग, पेट रोग, जोड़ों का दर्द, कमर दर्द, बावासीर आदि के करीब 35 रोगियों को जाँच कर कर निःशुल्क दवाई वितरित की गई। मौके पर सिहपुर पश्चिम पंचायत के सरपंच पति संजय सहनी ने कहा कि इस विषम परिस्थिति बाढ़ प्रवाहित क्षेत्र में चिकित्सकों की पूर्ति हेतु डॉ.साहब का पंचायत के तरफ से सहृदय धन्यवाद देते है साथ ही यह चिकित्सा पद्धति से मैं भी लाभप्रद हूँ। यह होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति से बिल्कुल ही अलग चिकित्सा पद्धति है इसमें प्योर हर्बल दवाई से रोगी का इलाज होता है और वह भी अन्य चिकित्सा पद्धति के ईलाज करने के तरीके से हटकर। इसमें



रोगी के बीमारी के ईलाज के बदले उस बीमारी के उत्पन्न होने वाले को ठीक किया जाता है ताकि आगे कभी भविष्य में भी वह बीमारी दुबारा उत्पन्न न हो। इस दवाई से हरेक रोगी को ईलाज कराने की जरूरत है साथ अन्य चिकित्सा पद्धतियों के दवाई से सस्ती और कारगर है और पूरे जीवन काल मे वह बीमारी दुबारा उत्पन्न भी नहीं होगी। मौके पर वार्ड सदस्य विमल किशोर यादव, पूर्व पंचायत समिति प्रत्याशी सह सामाजिक कार्यकर्त्ता अमरनाथ मिश्र, पुष्पराज कुमार, राकेश कुमार यादव सहित कई लोगों का सक्रिय सहयोग रहा।

## सुरक्षित गर्भपात करने में सारण जिला राज्य में तीसरे स्थान पर

### उत्कृष्ट योगदान के लिए राज्य स्तर पर सारण को मिला सम्मान

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सुरक्षित गर्भपात करने में सारण जिला राज्य स्तर पर तीसरा स्थान हासिल किया। उत्कृष्ट योगदान के लिए जिले को राज्य स्तर पर सम्मान मिला है। अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस पर राज्य स्वास्थ्य समिति द्वारा पटना में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान दिया गया है। जगजीवन राम संसदीय अध्ययन एवं राजनीतिक शोध संस्थान, पटना में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार द्वारा ''अंतरराष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस'' के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में राज्य के सभी प्रमुख स्वास्थ्य अधिकारियों, सिविल सर्जनों, मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्षों, मास्टर ट्रेनर्स, आशा कार्यकर्ताओं और विकास साझेदारों ने भाग लिया।कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. सरिता, राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मातृत्व कोषांग ने किया, जिन्होंने बिहार के गर्भपात परिदृश्य पर जानकारी साझा की। सुरक्षित गर्भपात वह प्रक्रिया है जिसमें गर्भावस्था को चिकित्सकीय तरीके से समाप्त किया जाता है, जिससे महिला के स्वास्थ्य और जीवन को खतरा नहीं होता। यह प्रक्रिया योग्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं द्वारा की जाती है और इसके लिए उचित चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। सुरक्षित गर्भपात से न केवल महिला के स्वास्थ्य की सुरक्षा होती है, बल्कि यह असुरक्षित गर्भपात के परिणामस्वरूप होने वाली जटिलताओं और मातृ मृत्यु को भी कम करता है।

*सुरक्षित गर्भपात दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में किया गया सम्मानित*

*समुदायिक स्तर पर सुरक्षित गर्भपात के प्रति जागरूकता जरूरी*

**सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाने की जरूरत:** राजेश कुमार, प्रशासी पदाधिकारी ने एमटीपी एक्ट 1971 की आवश्यकता और सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाने की जरूरत पर बल दिया। एमटीपी एक्ट 1971 की आवश्यकता मुख्य रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य और अधिकारों की सुरक्षा के लिए है, ताकि उन्हें सुरक्षित गर्भपात की सुविधा मिल सके। इस कानून के जरिए असुरक्षित गर्भपात की घटनाओं को कम किया जा सकता है, जो अक्सर मातृ मृत्यु का कारण बनती हैं। सामुदायिक स्तर पर जागरूकता फैलाने की जरूरत इसलिए है ताकि महिलाएं अपने अधिकारों के बारे में जानें, सुरक्षित गर्भपात सेवाओं का उपयोग कर सकें, और स्टीग्मा का सामना न करना पड़े।

**असुरक्षित गर्भपात के कारण देश में मातृ मृत्यु दर का 8 प्रतिशत हिस्सा :** डॉ.अविनाश कुमार, अपर निदेशक, स्वास्थ्य सेवाएँ, बिहार सरकार ने बताया कि असुरक्षित गर्भपात के कारण भारत मंर मातृ मृत्यु दर का 8% हिस्सा है और इस पर नियंत्रण पाने के लिए बिहार सरकार प्रतिबद्ध है। आइपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के बिहार राज्य निदेशक तफसीरुल मजाहिर ने सुरक्षित गर्भपात की स्थिति पर प्रस्तुति दी। डॉ.रानू सिंह ने एमटीपी संशोधन अधिनियम 2021 एवं 2024 पर जानकारी साझा की, जबकि डॉ.ऋचा झा ने सुरक्षित गर्भपात सेवा व्यवस्था पर अपने अनुभव साझा किए।कार्यशाला में बिहार के सभी जिलों में सुरक्षित गर्भपात कार्यक्रम में उत्कृष्टता दिखाने वाले पांच जिलों को पुरस्कृत किया गया। इसमें बांका को पहला, पटना को दूसरा, सारण को तीसरा, बक्सर को चौथा और वैशाली को पांचवां स्थान मिला। कार्यशाला के अंत में प्रतिभागियों के सवालों के जवाब दिए गए और धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

## सारण जिले के 6 प्रखंडों के 34 पंचायत बाढ़ग्रस्त क्षेत्र हुए घोषित

**दैनिक खोज खबर/छपरा (सारण)।** सारण जिले की कुल 6 प्रखंडों में 34 पंचायतों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित किया गया है। जिसमें सदर प्रखंड के मुसेपुर पंचायत सहित अन्य को शामिल किया गया है। इन सभी पंचायतों को जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के बाद बाढ़ पीड़ितों ने जिला प्रशासन को हृदय से आभार व धन्यवाद ज्ञापित करते हुए खुशी जाहिर किया है।जिला प्रशासन द्वारा घोषित सूची के अनुसार सारण जिले के 6 प्रखंडों के कुल 23 पंचायतों की बाढ़ से 83,400 आबादी पूर्ण रूप से 23 सितंबर 2024 को प्रभावित बताया गया था। जिसमें सदर प्रखंड के तीन पंचायत कोटवापट्टी रामपुर, बड़हरा महाजी एवं रायपुर बिनगांवा तथा गरखा प्रखंड के ईटवां एवं मौजपुर पंचायत बाढ़ से पूर्णतः प्रभावित बताया गया था। जबकि सदर प्रखंड अंतर्गत मुसेपुर पंचायत के पिपरा टोला, पूर्वी बलुआ, पश्चिमी बलुआ, नेहाला टोला, कंसदियर एवं मुसेपुर गांव बाढ़ के विभीषिका से पूरी तरह प्रभावित हुआ था। लेकिन उसके बाद भी जिला प्रशासन बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित नहीं किया। वहीं मुसेपुर पंचायत के मुखिया बबलू राय ने एक लिखित आवेदन जिलाधिकारी अमन समीर को गुरुवार को देकर अपने पंचायत को पूर्ण रूप से बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग करते हुए अपने पंचायत के पिपरा टोला, नेहाला टोला, पश्चिमी बलुआ, पूर्वी बलुआ, कंसदियर एवं मुसेपुर गांव को पूर्ण रूप से बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित कर तत्काल युद्धस्तर पर राहत कार्य संचालित करने एवं विभिन्न मांग बाढ़ से क्षतिग्रस्त मकानों की मरम्मत कराने, बाढ़ खत्म होते ही तमाम किस्म की बीमारियों से बचाव के लिए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव और पंचायत में मेडिकल कैम्प की व्यवस्था किये जाने समेत भूधारी व बटाईदार किसानों को फसल क्षति का मुआवजा देने और अगली फसल लगाने के लिए खाद-बीज की व्यवस्था करने की मांग समेत कई मांगों को लेकर गुरुवार को ज्ञापन सौंपा। जिसको लेकर दैनिक अखबारों की मीडिया ने इस समस्या को प्रमुखता से प्रकाशित किया। इसके बाद जिला प्रशासन त्वरित कार्रवाई कर प्रकाशित खबर को गंभीरता से लेते हुए एक नया प्रतिवेदन जारी किया।

## क्षत्रीय समाज की बैठक मे पदाधिकारियों का चयन



**दैनिक खोज खबर/डोरीगंज (सारण)।** गरखा प्रखंड अंतर्गत रिलायंस टावर धनौरा के परिसर मे क्षत्रीय समाज की बैठक समाजसेवी सत्येंद्र सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन्न हुई। जिसमे राजपूत करनी सेना के बिहार प्रदेश अध्यक्ष अमित सिंह उज्जैन मुख्य अतिथि के रूप मे मौजूद रहे।आगामी 20 अक्टूबर को अपने अधिकार एवं मान- सम्मान के लिए सोनपुर में क्षत्रीय सम्मान रैली का आयोजन किया गया है जिसमे अधिकाधिक संख्या मे सामिल होने की अपील अध्यक्ष महोदय के द्वारा किया गया। श्री सिंह ने राजपूतो की दीन- दशा एवं पूर्वजो की बलिदान पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए उपस्थित समूहो को बताया कि हम सभी को भी शिक्षा,स्वास्थ्य एवं नौकरी मे बराबर का हिस्सा चाहिए, हम से भेदभावपूर्ण रवैया ठीक नहीं।महामंत्री अभिषेक कुमार ने गरखा प्रखंड कमिटी का चयन कर नई जिम्मेदारी दी, जिसमें जिला सचिव अखिलेश सिंह, प्रखंड संरक्षक विनय सिंह, उपाध्यक्ष सोनू सिंह विकास सिंह, अभिषेक कुमार, सुमित कुमार और रणवीर कुमार समेत कुल दस लोगो को संघ में शामिल किया गया।प्रदेश सचिव आदित्य राणा ने नये पदाधिकारियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इसके साथ ही विशाल सिंह ने उपस्थित सदस्यों को अछत बांटकर रैली मे आने की जिम्मेवारी दी। कार्यक्रम मे ओम सिंह, कृष्णा सिंह, मोहन सिंह, विनय सिंह, अखिलेश सिंह जितेंद्र, मनोज सिंह सहित दर्जनो लोग शामिल हुए।

## स्नातकोत्तर 2020-22 सेकंड एवं थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा फल शीघ्र घोषित करने की मांग

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शनिवार को सामाजिक संगठन युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा का एक प्रतिनिधिमंडल जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.परमेंद्र कुमार बाजपेई से मिलकर स्नातकोत्तर सत्र 2020-22 सेकंड एवं थर्ड सेमेस्टर के परीक्षा फल प्रकाशन सत्र 2023-25 के नामांकन आरंभ करने तथा विभिन्न छात्र समस्याओं को लेकर जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति से युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल मिले। युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष अमित नयन जयप्रकाश विश्वविद्यालय के कुलपति को अवगत कराते हुए कहां की मई के महीने में स्नातकोत्तर की परीक्षा आयोजित हुई थी। देखते देखते सितंबर आ गया लेकिन अभी तक परीक्षा फल का प्रकाशन विश्वविद्यालय द्वारा नहीं किया गया। इससे विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बैठने की इच्छा रखने वाले छात्र-छात्राओं के सुनहरे भविष्य के दिशा में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। कुलपत महोदय गंभीरता पूर्वक विचार करते हुए शीघ्रता पूर्वक पीजी का रिजल्ट प्रकाशित किया जाए। उपाध्यक्ष रोहित रमन सिंह ने कहा कि छात्र हित में एकेडमिक व्यवस्था को जल्द से जल्द दूरस्त किया जाए। कुलपति महोदय से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में युवा शक्ति संघर्ष मोर्चा के महासचिव सद्दाबअहमद मजहरी, उपाध्यक्ष सरताज खान, सुमित कुमार सिंह, सुर्य प्रताप सिंह, नवनीत मुकुल आदि छात्र मौजूद थे।

## जमीनी विवाद में भाई ने भाई पर किया तेजाब से जानलेवा हमला, आरोपित गिरफ्तार

### जख्मी भाई का सदर अस्पताल में हो रहा उपचार

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना के नगर पंचायत एकमा बाजार क्षेत्र में पुरानी बाजार स्थित महावीर मंदिर स्थान के समीप शनिवार को जमीनी विवाद को लेकर सगे बड़े भाई के द्वारा अपने छोटे भाई के ऊपर जान लेने की नियत से तेजाब डालकर हमला किया गया। जिससे छोटा भाई गंभीर रूप से जख्मी हो गया।वारदात की जानकारी पाकर मौके पर पहुंची एकमा थाने के पुलिस ने जख्मी भाई सुनील प्रसाद को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एकमा में भर्ती कराया गया। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ इरफान अहमद के द्वारा पीड़ित सुनील कुमार प्रसाद को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया गया। वहीं मामले में एकमा थाने की पुलिस ने केस दर्ज कर आरोपित बड़े भाई अमित प्रसाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की है।

बताया गया है कि इस संबंध में एकमा पुरानी बाजार मोहल्ला के महावीर स्थान के समीप के निवासी पीड़ित सुनील प्रसाद की पत्नी ममता देवी के द्वारा एकमा थाने में दिए गए लिखित आवेदन के आधार पर एकमा थाना कांड संख्या-349/24 में धारा-126 (2)/115(2)/124 (2)/109 बीएनएस दर्ज किया गया है। पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार के निर्देश पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त एकमा पुरानी बाजार के महावीर स्थान के निकट के निवासी भरत प्रसाद के पुत्र अमित प्रसाद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दी है।

## मारपीट की घटनाओं में सात लोग घायल

**एकमा (सारण)।** आपसी विवाद को लेकर एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की अलग अलग घटनाओं में दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गये। घायलों में भुईली की प्रिया कुमारी,फुचटी खुर्द गांव के अंकित यादव, भरहोपुर गांव के अंकित साह, राहुल कुमार साह, अतरसन गांव के कपूर प्रसाद, शीतलपुर गांव के संजय कुमार प्रसाद समेत सात लोग लोग शामिल हैं।बताया जाता है कि सभी घायलों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में कराया गया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल में जूट गयी है।

## मढ़ौरा में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनी

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा (सारण)।** नगर के अंबेडकर पार्क परिसर में शहीद-ए-आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। शनिवार को इप्टा मढ़ौरा एवं भगत सिंह सेना के बैनर तले जयंती समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आगत अतिथियों द्वारा शहीद भगत सिंह के तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जयंती समारोह को संबोधित करते हुए प्रो.भूपेश भीम ने कहा कि भगत सिंह ने फांसी के फंदे को सहज भाव से गले लगाया, ताकि देशवासी सहज भाव से उनके विचारों से प्रभावित हो सके। देश आजादी के आंदोलन में शहीद भगत सिंह की भूमिका व जज्बा की विस्तृत जानकारी उपस्थित लोगों को दिया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे पत्रकार संजीव कुमार ने जंयती सामारोह में कहा कि भगत सिंह के




जीवन की हर कहानी हमें और समाज को प्रेरित करती है। उन्होंने मातृभूमि के लिए अपनी जान देकर आजादी के लिए अपना अमूल्य योगदान दिया है। हम शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर ना केवल उन्हें याद कर रहे हैं बल्कि उनके आदर्शों से प्रेरणा ले कर समाज को आगे ले जा सकते हैं। वही शिक्षाविद राजन गुप्ता ने कहा कि भगत सिंह के विचारों को जन जन तक पहुंचाने की जरूरत है और इसके लिए युवाओं में शिक्षा का प्रसार करना महत्वपूर्ण है। भगत सिंह सेना संगठन के प्रमुख वीर आदित्य ने जंयती के मौके पर अपने मानवता और इंसानियत के संकल्प को जनसंकल्प के रुप में विस्तारित करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पत्रकार मनोकामना सिंह एवं संचालन पत्रकार संजीव कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन राजन गुप्ता ने किया। समारोह को वरीय पत्रकार अवधेश कुमार वर्मा, मुन्ना बैठा, अखिलेश राय, सिदार्थ यादव, कालिदास सहित अन्य लोगों ने भी संबोधित किया। इस मौके पर अफताब अली, मोहन राम, पंकज यादव, पंकज आजाद, राजू राम, सिद्धार्थ यादव, मुन्ना बैठा, अमर मांझी, राजीव , काजल कुमारी, रूची कुमारी, राखी कुमारी, शिल्पा कुमारी, आरती कुमारी सहित अन्य मौजूद थे।

## सहयोग और समर्थन के लिए महिलाओं के बीच पहुंची जनसुराज की महिला टीम

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** लोगों के बीच मुद्दों को ले जाने और लोगों की राजनीतिक जागरुकता के लिए जनसुराज की महिला टीम ने महिलाओं के बीच अपना अभियान चलाया। नपं वार्ड संख्या आठ की पार्षद सम्पा सिंह के नेतृत्व में टीम ने महिलाओं के बीच पार्टी और प्रशांत किशोर की सोच को सामने रखा। सत्ता में भागीदारी, बिहार के विकास और उन्नती की सोच के साथ लोगों से अपने बच्चों के बेहतर भविष्य के लिए आगे आने की अपील की गई। वार्ड पार्षद सम्पा सिंह ने कहा कि बिहार वर्षो से युगपुरुष के इंतजार में है। यहां सत्ता में रहे लोगों ने अबतक बिहार के आम लोगों को लेकर कभी सोचा नही है।



आज बिहार में पलायन बड़ी समस्या बन चूकी है। बिहार के परिश्रमी, मेहनतकश लोगों के कारण देश के कई प्रदेश विकसित और सम्पन्न बन चूके है। जबकि मजबूत श्रम शक्ति वाला राज्य बिहार पिछड़ता जा रहा है। प्रदेश की चौपट हो चूकी शिक्षा व्यवस्था से युवाओं का भविष्य खराब हो रहा है। इनसब को लेकर किसी राजनीतिक दल को चिंता नही है। बिहार में बदलाव जरूरी है और यह बदलाव प्रशंत किशोर की सोच और इच्छाशक्ति से ही होना है। जागरुकता अभियान में पटना महिला मोर्चा की सदस्य मीनू सिंह भी पहुंची थी। मीनू सिंह ने महिलाओं को प्रशांत किशोर की सोच के साथ अपनी सोच को जोड़ने की अपील महिलाओं से की। इस अवसर पर उपस्थित दर्जनों महिलाओं के साथ सत्येंद्र सिंह, देवेश सिंह, गगन सिंह सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# तीन लूटेरा सहित लूट का वाहन, मोबाईल किया गया बरामदः डीएसपी

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** हरिहर क्षेत्र जैसे पवित्र भूमि पर अपराधियों, लूटेरों तथा बद?माशों की चहलकदमी तब से बढ़ गया है जब से जेपी.सेतु तथा शिवबचन चौक से दरिहारा की ओर जाने वाली मार्ग का कालीकरण हुआ है। लेकिन सोनपुर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर के कुशल दिशा निर्देश एवं सोनपुर पुलिस निरीक्षक सह थानाध्यक्ष राजनन्दन एवं इनके अधिनस्थ विभागीय पुलिस पदाधिकारी एवं आरक्षीगणों की सक्रियता के कारण छिपे लूटेरों तथा छुपाकर रखे गये लूट का समान का बरामदी कर यह प्रमाणित किया जा रहा है कि अगर पुलिस की इच्छा शक्ति हो तो जमीन के अन्दर छिपाया गया चोरी का समान भी बरामद किया जा सकता है। इस बात की खुलासा अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी नवल किशोर द्वारा अपने कक्ष में किये गये प्रेस कांफ्रेंस मे हुआ। अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी श्री किशोर ने शनिवार को पत्रकारों का बताया कि 20 सितम्बर को सोनपुर थाना क्षेत्र अर्न्तगत यदुवंशी चौक के पास अज्ञात 3-4 अपराधियों द्वारा एक पिकअप जिसका पंजीयन संख्या उटग्क्कठ-3094 के चालक को बंधक बना कर पिकअप एवं उस पर लोड एयरटेल कंपनी का टेलीकॉम मटेरियल वाहन सहित लूट लिया गया था। डीएसपी.ने बताया कि इस घटना के संबंध में, वादी सुबोध कुमार के आवेदन के आधार पर सोनपुर थाना काण्ड संख्या - 776/24 धारा-111/ 309 (4) बि0एन0 एस. के काण्ड दर्ज किया गया था। वरीय पदाधिकारी के निर्देश के आलोक में उस काण्ड का सफलता पूर्वक उद्?मेदन करते हुए इस घटना में संलिप्त तीन अपराधियों को गिरफ्तार किया गया जिसका नाम सौरम कुमार पिता संजीव सिंह साकिन धोबॉली थाना विदुपुर, दूसरा सनोज चौधरी पिता स्वा देवेन्द्र चौधरी साकिन मझौली पारा थाना -विदुपुर तथा विशाल कुमार पिता मनोज सिंह साकिन उफरोल ककरहट्टा थाना विदुपुर जिला वैशाली का सभी निवासी है। डीएसपी ने बताया कि घटना में लूटा गया एक पिकअप घटनाकारी से करने में प्रयोग किए गए एक बोलेरो कार, एक टाटा टियागो कार तथा दो मोबाइल फोन बरामद किया गया है। प्रेस कांफ्रेंस के मौके पर डीएसपी नवल किशोर के अलावा सोनपुर थाना अध्यक्ष राजनंदन एवं अन्य पुलिस उपस्थित थे।



## नहर से अज्ञात महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**एकमा (सारण)।** एकमा थाने की पुलिस ने एकमा गांव के समीप स्थित सारण गंडक नहर से एक महिला का शव बरामद किया। बताया जाता है कि महिला का शव सारण गंडक नहर के पानी में कहीं दूसरे क्षेत्रों से बह कर एकमा में आ गया है। सूचना पाकर एकमा थाने की पुलिस ने नहर के पानी से महिला का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।

महिला के शव की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस मामले की जांच और शव की पहचान करने में जुट गयी है।

## छापेमारी कर अंग्रेजी शराब के साथ चार महिला तस्करों को किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी।** दाउदपुर थाना पुलिस ने शनिवार को स्थानीय बस स्टैंड के समीप छापेमारी कर अंग्रेजी शराब के साथ चार महिला तस्करों को गिरफ्तार कर किया है। प्राप्त जानकारी थानाध्यक्ष नवलेश को गुप्त सूचना मिली कि दाउदपुर स्टेशन पर पैसेंजर ट्रेन से उतरने के बाद बस स्टैंड के समीप खड़ी कुछ महिलाएं छपरा जाने के लिए किसी वाहन का इंतजार कर रही है। वे अपने पास मौजूद झोले में अंग्रेजी शराब छिपा कर रखी है। उसके बाद थानाध्यक्ष के निर्देश पर एसआई अमन कुमारी ने महिला पुलिस टीम व चौकीदार शशि देवी एवं मालती देवी के साथ दाउदपुर बस स्टैंड पहुंच कर छापेमारी कर दी और ऑटो पकड़ने जा रही है चार संदिग्ध महिलाओं को गिरफ्तार कर लिया। जब उन्हें थाने लाकर उनके झोले की तलाशी ली गई तो उसके अंदर से 180 एमएल के 140 पीस ऑफिसर चॉइस फ्रूटी पैक एवं 750 एमएल की 13 बोतल रॉयल स्टेज अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार महिलाएं भटनी से झोले में अंग्रेजी शराब लेकर पैसेंजर ट्रेन से दाउदपुर स्टेशन पर उतरने के बाद बस स्टैंड के समीप ऑटो पकड़ने जा रही थी। तभी पुलिस ने छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार महिलाओं में दो मुजफ्फरपुर व दो समस्तीपुर की रहने वाली बतायी जाती है। समाचार प्रेषण तक पुलिस उनसे पूछताछ कर मद्यनिषेध अधिनियम के तहत आगे की कार्रवाई करने में जुटी थी।

## सोंधी नदी में नहाने के दौरान डूबने से एक युवक की मौत

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** माँझी थाना क्षेत्र के माड़ीपुर खुर्द गाँव के समीप स्थित सोंधी नदी में नहाने के दौरान डूबने से शनिवार को एक युवक की मौत हो गई। युवक के सोंधी नदी में फिसलकर गिरने तथा डूबने से मौत होने की खबर पाकर गाँव में कोहराम मच गया। तथा परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों ने तत्काल नदी से शव ढूँढ निकाला तथा सीएचसी लेकर पहुँचे जहाँ चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक माँझी थाना क्षेत्र के ताजपुर निवासी स्व अजय सिंह का ज्येष्ठ पुत्र रोहित कुमार सिंह उर्फ मंगरू उम्र 20 वर्ष बताया जाता है। परिजनों ने बताया कि लगभग 15 वर्ष पूर्व हुई एक सड़क दुर्घटना में मृतक के पिता की दर्दनाक मौत हो गई थी तथा चार वर्ष पूर्व अज्ञात बीमारी से उनकी पत्नी का भी निधन हो गया था। इससे पहले मृतक की बहन की भी मौत हो गई थी। मृतक अपने माता पिता की मृत्यु के बाद अपने छोटे भाई मोहित के साथ माड़ीपुर खुर्द में अपने मामा विक्की कुमार सिंह के यहाँ रहता था। सूचना पाकर पहुँची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया। मौके पर मरहा पँचायत के मुखिया मुन्ना साह पूर्व मुखिया परमहँस प्रसाद तथा माँझी नगर पँचायत की मुख्य पार्षद पति कृष्णा सिंह पहलवान आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## रेल पटरी पर बोल्डर रखकर शनिवार को लखनऊ छपरा एक्सप्रेस ट्रेन को पलटाने की साजिश

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** छपरा बलिया रेलखण्ड स्थित माँझी रेलपुल के दक्षिणी मुहाने पर स्थित रेल पटरी पर बोल्डर रखकर शनिवार को लखनऊ छपरा एक्सप्रेस ट्रेन को पलटाने की साजिश की गई। यह सुखद संयोग ही रहा कि ट्रेन पत्थर को पिसते हुए आगे बढ़ गई पर बेपटरी नही हुई अन्यथा पूरी ट्रेन रेल पुल को तोड़कर सरयु नदी में समा सकती थी तथा बड़े पैमाने पर जान माल का नुकसान हो सकता था। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को सुबह साढ़े दस बजे के आसपास बलिया से छपरा आ रही लखनऊ छपरा एक्सप्रेस ट्रेन के पहुँचने से पहले असामाजिक तत्वों ने रेलपुल के दक्षिणी मुहाने पर छपरा जंक्शन के 18 ,3 किमी पर दोनों रेल पटरी पर एक एक बोल्डर रखकर ट्रेन को पलटाने की साजिश की थी। और तो और पूरी ट्रेन बोल्डर को मसलते आगे बढ़ गई। बोल्डर के टूटने की तेज आवाज और खड़खड़ाहट से चालक समेत ट्रेन में सवार यात्री सकते में आ गए। हालाँकि ट्रेन किसी तरह पुल पार करके खड़ी हो गई। तब चालक ने उक्त मामले की सूचना वाराणसी कंट्रोल को दी। सूचना पाकर पूरा रेल प्रशासन हरकत में आ गया। सूचना पाकर मौके पर बैरिया के सीओ मो उस्मान,एसएचओ रामायण सिंह,आरपीएफ इंस्पेक्टर बी के सिंह,टीआई बलिया संजय सिंह,पी डब्लूआई सुरेमनपुर राज कुमार सिंह तथा छपरा रेल सीआईडी के विकास यादव व माँझी में तैनात आरपीएफ के जवान मौके पर पहुँच गए तथा मामले की जाँच पड़ताल शुरू कर दी। पटरी पर बोल्डर रखकर ट्रेन पलटाने की साजिश करने वालों की पहचान कर स्थानीय बैरिया पुलिस तथा रेल पुलिस उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास में जुटी हुई है।



## कृषक वैज्ञानिक वार्तालाप का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित

**दैनिक खोज खबर/मांझी (सारण)।** कृषक स्वर्ण समृद्धि सप्ताह के अंतर्गत शनिवार को कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा कृषक वैज्ञानिक वार्तालाप का एक दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ विधायक डॉ सत्येन्द्र यादव द्वारा किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने किसानों को श्री अन्न की खेती एवं उनके महत्त्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने किसानों से कहा कि सभी किसान भाई-बहन कृषि विज्ञान केन्द्र मांझी के संपर्क में रहें एवं वैज्ञानिकों द्वारा बताई गई नई टेक्नोलॉजी एवं ज्ञान का उपयोग खेती में करें जिससे कि किसान अपनी उपज बढ़ा सके। कार्यक्रम में वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय द्वारा कृषि विज्ञान केन्द्र में चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं, रबी की मुख्य फसलों,जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम की विभिन्न तकनीकों के विषय में किसानों को विस्तार से बताया। उद्यान विशेषज डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने प्राकृतिक खेती,पोषण वाटिका एवं फलों के नए बाग लगाने और उसके महत्व के बारे में किसानों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही सितम्बर माह में चलाए जा रहे कार्यक्रम स्वच्छता पखवाड़ा, हिन्दी पखवाड़ा एवं पोषण माह के विषय में भी किसानों को अवगत कराया। डॉ. सुषमा टम्टा, विषय वस्तु विशेषज्ञ (कृषि अभियंत्रण) ने कृषि मशीनीकरण पर जोर दिया। उन्होंने रबी में उपयोग आने वाली मशीनों जैसे जीरो टिलेज,रेस बेड प्लांटर , पोटैटो प्लांटर,पोटैटो हार्वेस्टर आदि मशीनों के विषय में विस्तार से चर्चा की। पादप संरक्षण विषेशज्ञ डॉ. जीर विनायक ने फसलों के कीटो एवं रोगों के बारे में किसानों को बताया। डॉ. विजय कुमार ने भी मिट्टी की जाँच के विषय में किसानों को विस्तार से बताया एवं मिट्टी में उपस्थित आर्गेनिक कार्बन के महत्व के विषय में किसानों को अवगत कराया। सभी किसानों ने वैज्ञानिको से वार्तालाप की तथा अपना अपना सुझाव साझा किया। कार्यक्रम के दौरान केवीके के डॉ.चैतन्या,रामा रंजन,अमित आनंद, राकेश कुमार,रविरंजन कुमार, उमाशंकर,अवनीश पाण्डेय ने भी अपना सहयोग दिया। कार्यक्रम के दौरान रामलगन यादव,शत्रुघ्न यादव, हीरा लाल यादव,मनी यादव,संतोष कुमार सिंह,अमरनाथ तिवारी,रविन्द्र राम, दरोगा यादव, अनीता देवी, फुलझड़ी कुंवर आदि किसान भी उपस्थित रहे।

## पंखा चलाने के दौरान बिजली का करेंट लगनें से किशोर अचेत

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के चैनपुर चमरिया गांव में पंखा चलाने के दौरान प्लग से बिजली का करेंट लगनें से किशोर को अचेतावस्था में इलाज के लिए सीएचसी मशरक में भर्ती कराया गया। किशोर चैनपुर चमरिया गांव निवासी सुरेश महतो का 14 वर्षीय पुत्र साहिल कुमार हैं। परिजनों ने बताया कि पंखा चलाने के दौरान प्लग लगानें गया उसी दौरान बिजली का करेंट लगनें से अचेत हो गया। डॉ चन्द्रशेखर सिंह ने प्राथमिक उपचार किया।

## जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिला समाहरणालय सभागार में जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक हुई। बैठक के दौरान डीएम ने अनाज का ससमय उठाव कराते हुए नियमानुकूल वितरण करवाने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता निर्धन बीपीएल परिवारों को सस्ती दर पर नियमानुसार अनाज प्रत्येक महीने उपलब्ध कराना है। अनाज वितरण के कार्य की समीक्षा स्वयं मुख्य सचिव, बिहार के द्वारा की जा रही है। ऐसे में लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारियों एवं कर्मियों के विरुद्ध सख्त से सख्त अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा अनियमितता बरतने वाले जनवितरण प्रणाली विक्रेताओं के विरुद्ध भी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**सभी एमओ को प्रतिदिन सुबह 10 बजे से शाम पांच बजे तक निश्चित रूप से उपस्थित रहने के निर्देश :** जिलाधिकारी ने सख्त लहजे में कहा कि मुख्यालय स्तर से समय-समय पर जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं के दुकानों की जांच करवाई जाती है। जांचोंपरांत फलाफल पर हर हाल में 15 दिनों के अंदर कार्रवाई सुनिश्चित होनी चाहिए। साथ ही इससे संबंधित अद्यतन प्रतिवेदन अगली बैठक में उपास्थापित करने का भी निर्देश दिया गया। सदर व महाराजगंज अनुमंडल पदाधिकारी को जनवरी से लेकर अब तक उनके द्वारा किए गए जांच के फलाफल से तदनुसार जांचों पर की गई कार्रवाई से भी अवगत कराने का भी निर्देश दिया गया।

## दिल्ली में चार बेटियों के साथ पिता ने जहर खा दी जान, गांव में मातम

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक के घोघिया गांव के पिता ने चार दिव्यांग बेटियों के साथ जहर खाकर जान दे देने के बाद गांव में मातम छा गया है। गांव में परिजन समेत गांव वालें इतनी बड़ी घटना से स्तब्ध हैं। मृतक घोघिया गांव निवासी मरई शर्मा के 46 वर्षीय पुत्र हीरा लाल शर्मा और हीरालाल शर्मा की चार पुत्रियां 26 वर्षीय नीतू,24 वर्षीय निक्की ,23 वर्षीय नीरू और 20 वर्षीय निधी हैं। परिजनों में मरई शर्मा ने बताया कि बीते पांच महीने पहले ही घर आया था और कुछ दिनों रहकर वापस चला गया। चार भाई मोहन शर्मा, योगेन्द्र शर्मा, राजकुमार शर्मा में हीरालाल शर्मा सबसे बड़ा था और उसको 4 बेटियां ही थी। जो दिव्यांग थी। वहीं पत्नी कांति देवी की मौत कैंसर से हो गयी हैं। परिजनों ने बताया कि 30 साल पहले रोजगार के लिए दिल्ली गये और वहीं पर बढ़ई का काम करने लगें थें। वर्ष 2008 में मां की मौत हो जाने पर गांव आया था। परिजनों ने बताया कि पत्नी की मौत के बाद वह जिंदगी से निराश हुआ था वहीं पहली संतान दिव्यांग पैदा होने पर स्वस्थ संतान की चाहत में एक एक करकें चारों बेटियो का जन्म हुआ।

## पहलेजा पुलिस ने एक चोर को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**सोनपुर।** पहलेजा थाना क्षेत्र के गंगाजल के बड़का बगीचा गांव में पुलिस ने छापामारी कर एक चोर को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए पहलेजा अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार ने बताया कि गंगाजल के बरका बगीचा गांव के एक खेत मे रखे जनरेटर को चोर ने चुराकर परमानंदपुर के पास एक कबड्डी के दुकान में मई माह में बेच दिया था। पुलिस ने छापामारी कर जनरेटर को बरामद करते हुए दो चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जिसमे तीसरा चोर गंगाजल बरका बगीचा के योगेंद्र महतो के पुत्र राकेश कुमार उर्फ कल्लू को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया गया है।

## स्वच्छता ही सेवा अभियान में नगर पंचायत ने जागरुकता रैली निकाली




**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र में स्वच्छता ही सेवा अभियान में जागरुकता रैली निकाली। कार्यपालक पदाधिकारी मो शाहनवाज रजा के नेतृत्व में उप मुख्य पार्षद प्रतिनिधि अमित सिंह, वार्ड पार्षद राजेश तिवारी समेत अन्य ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। स्वच्छता रैली प्रखंड कार्यालय परिसर के नगर पंचायत कार्यालय परिसर से शुरु होकर गोपाल वाड़ी से महाराणा प्रताप चौंक, महावीर चौक होते हुए अस्पताल चौंक पर पहुंचकर समाप्त हुई।? कार्यपालक पदाधिकारी मो शाहनवाज रजा ने बताया कि दुकानों के आगे डस्टबिन रखें, कचरा संग्रहण वाहन में ही कचरा डाले।प्लास्टिक की थैलियों की जगह कपड़े के थैलों का प्रयोग करें। आपकों बता दें कि स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन 2 अक्टूबर को होगा। मौके पर वार्ड पार्षद बंटी राय, अवधेश सिंह,सूरज राम,नैमुद्दीन अंसारी समेत अन्य मौजूद रहें।

## शराब पीने के आरोप में दो गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** सराय थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग जगह से शराब पीने के आरोप में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार की है। इस मामले में थानाध्यक्ष धमेंद्र कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई की गई। इसमें उखई पूरब पट्टी गांव व सहलौर से गिरफ्तारी की गई है। गिरफ्तारी में सहलौर गांव निवासी जितेंद्र प्रसाद व उखई पूरब पट्टी निवासी गुड्डू कुमार यादव शामिल है।

# दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** तरैया थाना परिसर में शनिवार को दुर्गा पूजा को लेकर थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। आयोजित बैठक में थानाध्यक्ष श्री सिंह ने कहा कि दुर्गा पूजा न केवल धार्मिक उत्सव है, बल्कि यह समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक भी है। उन्होंने सभी से अपील की वे मिलजुल कर यह सुनिश्चित करे की इस पर्व का आयोजन शांतिपूर्ण हो और किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों को रोका जा सके। वही थानाध्यक्ष ने सभी पूजा समितियों से अपील की है कि पूजा समिति के अध्यक्ष व सचिव दुर्गा पूजा व मेला के लिए निश्चित रूप से लाइसेंस लेंगे तथा सुरक्षा के सभी मानकों का पालन करेंगें और स्थानीय पुलिस से समन्वय बनाए रखकर मेला व पूजा सम्बंधित कार्य करेंगे। वही आगे उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान पुलिस असामाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखेगी किसी भी परिस्थिति में उन्हें बक्सा नहीं जाएगा साथ ही पूजा पंडाल व मेला में सीसीटीवी कैमरा लगाने की बात कही। वही आगे उन्होंने कहा कि पूजा के दौरान अश्लील गानों पर पूर्णतः पाबंदी रहेगी। वही दुर्गा पूजा समितियों ने आयोजित शांति समिति की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिया है, पूजा के दौरान पूजा पंडाल के आसपास किसी भी तरह का मांस-मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। पूजा समिति के लोगो ने कहा है, यह निर्णय समाज में शांति और सद्भाव बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है, ताकि इस पवित्र अवसर पर सभी लोग शांति, श्रद्धा और भक्ति के साथ पूजा कर सके। वही समिति ने यह भी तय किया है कि पूजा स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाई जाएगी जिससे सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम पूजा पंडाल में हो सकेगा। मौके पर शिक्षक नेता रंजीत सिंह, पैक्स अध्यक्ष प्रत्यूष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, पूर्व मुखिया ब्रजकिशोर शर्मा, रविन्द्र राय, सचिदानन्द सिंह उर्फ पक्का सिंह, दिनेश्वर श्रीवास्तव, समेत अन्य पंचायत प्रतिनिधि व पूजा समिति के अध्यक्ष सचिव उपस्थित थे।



## भूमि विवाद, खनन एवं मध निषेध से संबंधित विषयों पर जिलाधिकारी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से पदाधिकारियों के साथ की बैठक

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिला समाहरणालय सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की बैठक हुई। इस दौरान जिलाधिकारी ने भूमि विवाद निपटारा कैंप, खनन एवं मध निषेध से संबंधित विषयों पर वीडियो कार्फ्रेसिंग के माध्यम से पदाधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बैठक में निर्देश देते हुए कहा कि भूमि विवाद निपटारा कैंप, जो अंचलाधिकारी एवं थानाध्यक्ष के द्वारा संयुक्त रूप से सभी अंचलों में प्रत्येक शनिवार को आयोजित की जाती है। उस शिविर की कार्यवाही उसी दिन पोर्टल पर निश्चित रूप से इंट्री करवाएं। खनन विभाग की समीक्षा के क्रम में डीएम ने निर्देशित करते हुए कहा कि जिला में बालू के अवैध खनन, ट्रांसपोटेशन एवं ओवरलोडिंग वाहनों को सख्ती से जांच करें। तत्पश्चात खनन विभाग एवं परिवहन विभाग संयुक्त रूप से उसपर जुर्माना करें। साथ ही वाहन की जब्ती एवं एफआईआर करवाने की भी कार्रवाई करें। मध निषेध की समीक्षा करते हुए उन्होंने सख्ती से जांच अभियान चलाकर जांच करने का निर्देश दिया।

# तरैया : संभावित बाढ़ के मद्देनजर सीओं ने माइकिंग कर लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने के लिए किया सतर्क



**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** नेपाल के तराई इलाकों में लगातार हो रही बारिश के कारण बिहार के 13 जिलों में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। बिहार में 56 साल बाद भारी बाढ़ की तबाही की आशंका को देखते हुए प्रशासनिक महकमा हाई अलर्ट मोड पर है तथा प्रशासनिक अधिकारी निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को माइकिंग कर सतर्क व सुरक्षित स्थान पर जाने के लिए आग्रह कर रहे है। तरैया प्रभारी को सुमंत कुमार ने शनिवार को तरैया क्षेत्र के सारण तटबंध के सगुनी, राजवाड़ा, शामपुर, अरदेवा, जिमदाहा, माधोपुर बड़ा, बनिया हसनपुर, चंचलिया दियरा सेमत अन्य निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को संभावित बाढ़ के मद्देनजर लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने एवं अपने मवेशियों को भी ऊंचे स्थानों पर ले जाने का आग्रह किया जा रहा है। सीओ ने सारण तटबंध के रास्ते ध्वनि विस्तारक यंत्र से माइकिंग कर लोगों को जागरुक करते हुए संभावित बाढ़ के मद्देनजर ऊंचे स्थानों पर जाने एवं अपने मवेशियों को भी ऊंचे स्थानों पर ले जाने तथा सतर्क व सुरक्षित रहने का अपील किया है। बताते चले की नेपाल के तराई इलाकों में लगातार हो रही बारिश के बाद गंडक बैराज से करीब 6 लाख क्युसेफ पानी डिस्चार्ज होने की संभावना व्यक्त की गई है। जिससे गंडक क्षेत्र के तटीय इलाका के पानापुर के मड़वा बसहिया, सरौजा भगवानपुर, वृत भगवानपुर, एवं तरैया के सगुनी, राजवाड़ा, शामपुर, अरदेवा जिमदाहा, माधोपुर, बनिया हसनपुर, चंचलिया दियरा समेत अन्य निचले इलाकों में बाढ़ आने की खतरा बढ़ गई है। जिसको लेकर प्रशासन लगातार सारण तटबंध का सतत निगरानी कर रही है एवं लोगों से सतर्क व सुरक्षित स्थानों पर जाने की आग्रह कर रही है।



## एन एच 227 ए राम जानकी पथ पर अवैध शराब तस्करों के खिलाफ चला चेकिंग अभियान

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र से गुजर रही एन एच 227 ए राम-जानकी पथ पर मशरक के चंदेश्वर मोड़ पर उत्पाद थाना परिसर के सामने मुख्य सड़क पर अवैध शराब तस्करों के खिलाफ वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। दारोगा कुंदन कुमार ने बताया कि शराब तस्करी को लेकर उत्पाद पुलिस के द्वारा लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अवैध शराब की खेप को पकड़ा भी जा रहा है। सघन वाहन चेकिंग अभियान में चार चक्का वाहन और बाइक की डिक्की के साथ साथ सीट के नीचे, बैकलाइट आदि की जांच की जा रही है। वाहन चेकिंग अभियान में लगीं दारोगा प्रीति कुमारी ने बताया कि अवैध शराब करोबार पर नियंत्रण को लेकर सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

## डीएम सहित स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों को दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सचिव संजय कुमार सिंह शनिवार को सदर अस्पताल पहुंचे। उनके आने की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों व कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। हालांकि सदर अस्पताल परिसर में जलजमाव के कारण उन्होंने अपना निरीक्षण कार्य स्थगित कर दिया। बता दें कि प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार प्रभारी सचिव द्वारा सदर अस्पताल के 150 बेड के निर्माणाधीन माडल अस्पताल भवन एवं सदर अस्पताल का निरीक्षण किया जाना था। लेकिन झमाझम वर्षा के कारण सदर अस्पताल में हुए जल जमाव के कारण वे स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों से बातचीत करते हुए आवश्यक निर्देश देने के बाद जिलाधिकारी मुकुल कुमार गुप्ता व उप विकास आयुक्त मुकेश कुमार के साथ समाहरणालय के लिए निकल गए। इसके अलावा प्रभारी सचिव द्वारा मैरवा में निर्माणाधीन मेडिकल कालेज का भी निरीक्षण किया जाना था।

## एसपी ने पुलिस लाइन का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** एसपी अमितेश कुमार ने शनिवार को लाइन डे के मौके पर पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसपी द्वारा पुलिस लाइन स्थित शस्त्रागार, मेस, बैरक, स्टोर, कार्यालय, लाइन परिसर, आवासीय परिसर में जाकर व्यवस्थाओं को देखा और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही वाहनों में लगे विभिन्न यंत्रों, उपकरणों की वस्तु स्थिति के बारे में जानकारी ली। विभिन्न संचिकाओं व पंजियों की गहनतापूर्वक जांच की। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को अभिलेखों के देख-रेख एवं कुशल संचालन के लिए निर्देशित किया गया। वहीं पुलिस लाइन के विभिन्न शाखा प्रभारियों से शाखा संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु उचित दिशा-निर्देश दिया गया। एसपी ने बताया कि पुलिस उपाधीक्षक ( रक्षित ) की उपस्थिति में शस्तिका कक्ष एवं अनुरोध कक्ष का संचालन पुलिस केंद्र में किया गया। वहीं पुलिस कर्मियों की समस्या से अवगत होकर समस्या के समाधान हेतु संबंधित पुलिस पदाधिकारी को आदेशित किया गया।

## बाइक पर पेड़ गिरने से दो युवक घायल

**सिवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सरसर के समीप शनिवार की सुबह सड़क पर एक पेड़ गिरने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां उनका इलाज चल रहा है। घायलों की पहचान गोपालगंज जिले के हथुआ निवासी एजाज आलम व तनवीर आलम के रूप में हुई। घायल एजाज ने बताया कि हमदोनों बाइक पर सवार होकर शहर के दखिन टोला आ रहे थे, वर्षा के कारण एक पेड़ के नीचे खड़ थे तबतक पेड़ गिर गया। इससे हमदोनों घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से हमलोगों को पेड़ के नीचे से निकाल गया और अस्पताल भेजा गया।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण की हुई शुरूआत

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** आंबेडकर भवन स्थित संवाद कक्ष में शनिवार को दो दिवसीय प्रशिक्षण की शुरूआत की गई। एसपी अमितेश कुमार ने सारण, गोपालगंज व सिवान के पुलिस कर्मियों को प्रशिक्षित किया। एसपी ने बताया कि मेरे निर्देशन में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत सारण , गोपालगंज एवं सिवान जिला के तकनीकी शाखा एवं साइबर थाना के पुलिस कर्मियों को बेहतर अनुसंधान करने हेतु प्रशिक्षित किया गया।

## विद्युत आपूर्ति बहाल नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड के सदरपुर मध्य विद्यालय के समीप विद्युत ट्रांसफार्मर पर शुक्रवार को एक बड़ा पेड़ गिर गया। इससे विद्यालय के समीप लगे दो विद्युत ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए तथा विद्युत तार टूट गए। इस कारण सदरपुर समेत कई गांवों में विद्युत आपूर्ति बाधित हो गई। स्थानीय लोगों ने घटना की सूचना प्रशासन एवं विद्युत विभाग को दी, लेकिन अब तक विद्युत विभाग द्वारा न ट्रांसफार्मर ठीक किया गया और ना ही तार को जोड़ा गया और ना ही विद्युत आपूर्ति की कोई व्यवस्था की गई। इससे नाराज ग्रामीणों ने बड़हरिया-तरवारा मुख्य मार्ग पर सदरपुर विद्यालय के समीप सड़क जाम कर दिया तथा विद्युत विभाग के विरुद्ध नारा लगा प्रदर्शन करने लगे। सड़क जाम की सूचना मिलते ही अंचलाधिकारी सरफराज अहमद, थाना के एएसआइ रीता कुमारी दलबल के साथ जाम स्थल पर पहुंच ग्रामीणों को बिजली का ट्रांसफार्मर लगाने तथा गिरे पेड़ को हटवाने का आश्वासन देकर सड़क जाम हटाया। इसके बाद यातायात बहाल हो गया।

## आज स्वास्थ्य मंत्री करेंगे अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के पटेढ़ा पंचायत के पटेढ़ी में अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व भगवानपुर प्रखंड के सराय पड़ौली पंचायत के रतन पड़ौली में स्वास्थ्य उप केंद्र का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय व स्थानीय भाजपा सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल रविवार को करेंगे। सराय पड़ौली पंचायत के मुखिया मंटू द्विवेदी ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्री रतन पड़ौली में उप स्वास्थ्य केंद्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा बेहतर हो जाएगी। कार्यक्रम की तैयारी अंतिम पूरी कर ली गई है।

## मांगों को ले जीविका दीदियों ने किया प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को जीविका दीदियों ने वेतन बढ़ोत्तरी समेत अन्य मांगों को ले प्रदर्शन किया। इस दौरान प्रखंड मुख्यालय से अस्पताल रोड, बड़हरिया हाई स्कूल, थाना चौक तक मार्च निकाला। जीविका दीदियों का कहना था कि एक सप्ताह पूर्व वेतन बढ़ोत्तरी की मांग की गई थी, लेकिन सरकार द्वारा इस पर विचार नहीं किया गया। उनका कहना था कि मांगें पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा। इस मौके पर सुनीता कुमारी, गीता कुमारी, सलोनी कुमारी, मीना कुमारी, शारदा देवी, बबीता कुमारी आदि उपस्थित थीं।

## सड़क दुर्घटना में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक खोज खबर/भगवानपुर हाट (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय के समीप एनएच 331 पर 19 सितंबर बाइक व बोलेरो की टक्कर में घायल वृद्ध की मौत शनिवार को पटना में इलाज के दौरान मौत हो गई। मौत की सूचना मिलते ही स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे।जानकारी के अनुसार नदुआ निवासी जलेश्वर महतो 19 सितंबर को बाइक से कहीं जा रहे थे। इस दौरान प्रखंड कार्यालय के सामने एनएच 331 पर बोलेरो से धक्का लगने से घायल हो गए। उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया जहां से चिकित्सक द्वारा सदर अस्पताल रेफर कर दिया। सदर अस्पताल में उनकी स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर स्वजन उन्हें इलाज के लिए पीएमसीएच ले गए जहां इलाज के दौरान शनिवार को मौत हो गई। उनकी मौत के बाद पत्नी प्रभा देवी, पुत्र विकास कुमार, पुत्री सीमा देवी, सरिता देवी, गुड़िया देवी व अन्य स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास की महिलाएं व शुभचिंतक स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। इस मौके पर मुखिया शमीम अख्तर, जयप्रकाश बंधु, रामेश्वर सिंह व अन्य लोग शोकाकुल परिवार को सांत्वना दे रहे थे।

## वर्षा से खुली ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की पोल,जल जमाव व कीचड़ से लोग परेशान

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जिले के विभिन्न प्रखंडों में तीन दिनों से रुक-रुककर हो रही वर्षा से जगह-जगह जल जमाव तथा कीचड़ होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हो रही है। वहीं किसानों के चेहरे पर खुशी देखी जा रही है। किसान अपनी धान की फसल की ओर देख काफी प्रसन्न नजर आ रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस वक्त उन्हें पानी की जरूरत थी जो हथिया नक्षत्र में हुई वर्षा पूरी हो रही है। वहीं दूसरी ओर जल जमाव होने ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों की पोल खुल गई है। सड़क पर जल जमाव होने तथा कीचड़ होने से नारकीय स्थिति उत्पन्न हो गई है। इस पर वाहन को कौन कहे पैदल चलना मुश्किल हो गया है। जानकारी के अनुसार गोरेयाकोठी प्रखंड क्षेत्र से होकर गुजरने वाली मांझी-बरौली हाईवे के लद्धी बाजार पर दो दिनों से हो रही वर्षा के कारण सड़क पर जलजमाव हो गया है। इससे सड़क झील जैसी दिख रही है। सड़क किनारे बन रहे दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा है। वहीं मार्ग से गुजरने वाले साइकिल और बाइक सवारों के अलावा पैदल यात्रियों को भी परेशानी हो रही है। वहीं प्रखंड क्षेत्र के जामो बाजार, छितौली, लीलारु सहित अन्य गांवों की कई सड़कों पर जलजमाव की समस्या से लोग परेशान हैं।

## विद्युत चोरी मामले में दस लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर/हुसैनगंज (सिवान)।** थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुसैनगंज विद्युत आपूर्ति प्रशाखा के कनीय आपूर्ति अभियंता इंद्रजीत सिंह द्वारा बिजली चोरी करने की सूचना पर छापेमारी की गई। इसमें 10 लोगों को चोरी से बिजली जलाते पाया गया है। इससे कंपनी को दो लाख 19 हजार 90 रुपये की क्षति हुई है। इस संदर्भ में अभियंता ने पकड़े गए सभी 10 लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है। इसमें छपियां निवासी अशोक कुमार पंडित पर 19238 रुपये, मड़कन निवासी अखिलेश भारती पर 39424 रुपये, रमेश भारती पर 9706 रुपये, बंटी भारती पर 9706 रुपये, सुनरपति देवी पर 59132 रुपये, खोदाईबारी निवासी परमानंद यादव पर 2932 रुपये, श्रीराम यादव पर 9723 रुपये, सहुली टोले प्रसादीपुर निवासी अनिल कुमार साह पर 33471 रुपये, देवानंद पांडेय पर 17879 रुपये एवं सहुली निवासी ठाकुर राम पर 17879 रुपये की क्षति का आरोप लगाया है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि इस मामले में उक्त लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी कर कार्रवाई की जा रही है।

## स्कूटी के डिक्की से उचक्कों ने उड़ाए 50 हजार

**दैनिक खोज खबर/बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को उचक्कों ने एक स्कूटी की डिक्की से 50 हजार रुपये निकाल फरार हो गए। इस मामले में पीड़ित मीर सुरहिया निवासी राजवंशी भगत के पुत्र उपेंद्र कुमार भगत ने थाना को सूचना दी है।बताया जाता है कि थाना क्षेत्र के मीर सुरहिया निवासी उपेंद्र कुमार भगत अपनी स्कूटी से बड़हरिया एसबीआइ ब्रांच में रुपये की निकासी करने आए थे। वे एसबीआइ बैंक से अपने खाते से 50 हजार रुपये की निकासी की तथा पानी से बचाव के लिए एक सफेद रंग के थैले में रुपये, मोबाइल, पासबुक, जन्म प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी कागजात रख दिए और पुरानी कचहरी मुख्य सड़क स्थित एमएम मार्केट के सामने एक फल दुकान के पास स्कूटी खड़ी कर सामान खरीदने लगे। तभी बैंक से ही रेकिंग कर रहे अज्ञात चोरों ने उनकी स्कूटी की डिक्की खोलकर उसमें रुपये भरे थैला निकाल फरार हो गए। जब उपेंद्र कुमार सामान खरीदकर रखने के लिए डिक्की के तरफ बढ़े तो देखा कि डिक्की खुला है तथा उसमें से रुपये भरा थैला गायब है। उन्होंने घटना की सूचना थाना को दी।

## जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** जीबी नगर के तरवारा बाजार में शनिवार को जदयू अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष अशरफ अंसारी का स्वागत सिवान जाने के दौरान जदयू नेता अब्दुल करीम रिजवी व शिबू शम्स के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने सभी का अभिवादान स्वीकार करते हुए कुशलक्षेम पूछा। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में प्रदेश में चहुंओर विकास हो रहा है। मुख्यमंत्री ने अल्पसंख्यक समुदाय के लिए जितना बिहार में काम किया है इतना काम किसी अन्य सरकार में नहीं हुआ है। अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का साथ देना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान किया। इस मौके पर उपस्थित अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों ने कदम से कदम मिलाकर विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जाने की बात कही। इस मौके पर अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य मुर्तुजा अली कैसर, मिस्टर अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष प्रभुनाथ महतो, रंजीत कुमार यादव, हाजी बाबू हुसैन, सोनू यादव, मोहम्मद नुरैन, शिबू शम्स, विजय कुशवाहा, प्रवीण कुमार कुशवाहा समेत काफी संख्या लोग मौजूद थे।

## मेडिकाना की मालकिन और गारंटर पर धोखाधड़ी का केस

**पटना, एजेंसी।** पूर्वी कैनाल रोड के जय कमला प्लाजा में स्थित मेडिकाना नाम की दवा दुकान की मालकिन पूनम सिंह और बैंक में उनकी गारंटर प्रतिभा प्रसाद उर्फ प्रतिभा वर्मा के खिलाफ बैंक ऑफ बड़ौदा ने एसके पुरी थाने में केस दर्ज कराया है। उपमहाप्रबंधक नलिन कुमार ने दोनों पर धोखाधड़ी, जालसाजी और हेराफेरी का आरोप लगाया है। उपमहाप्रबंधक ने पुलिस को बताया कि मेडिकाना एक प्रोपराइटरशिप फर्म है। इसमें पूनम सिंह सिंह प्रोपराइटर और प्रतिभा गारंटर हैं। फर्म ने 150 लाख की कैश क्रेडिट लिमिट और 30 लाख की बैंक गारंटिड इमरजेंसी क्रेडिट लाइन की सीमा ली। फर्म ने सभी प्रकार की दवाओं और सर्जिकल वस्तुओं के व्यापार, वितरण और आपूर्ति के लिए ऋण लिया था। इसके बदले दीघा और राजा बाजार स्थित जमीन को बंधक बनाया गया था। शुरू में खाता संतोषजनक चलता रहा। बाद में फर्म के मालिक ने कैश क्रेडिट खाते में आवश्यक टर्नओवर बनाए नहीं रखा। नतीजा, खाता एनपीए में चला गया। बैंक छानबीन में जुटा तो पता चला कि जिस जमीन को बंधक बनाया गया था, वह बेच दी गई है। वहीं एक अन्य मामले में बैंक ऑफ बड़ौदा के पटना क्षेत्र के उप महाप्रबंधक नलिन कुमार ने मेसर्स तिरूपति के प्रोपराइटर जगदीश प्रसाद के साथ रवि पटेल और सोनी पटेल के खिलाफ भी एसके पुरी थाने में धोखाधड़ी का केस दर्ज कराया है।

## यौन शोषण मामला : वृषिण पटेल नहीं आए, अब 17 को सुनवाई

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** किशोरी से यौन शोषण मामले में आरोपी पूर्व मंत्री वृषिण पटेल शुक्रवार को विशेष पॉक्सो कोर्ट में हाजिर नहीं हो पाए। मामले में दोनों पक्षों की ओर से बहस की गई, लेकिन पूर्व मंत्री की अनुपस्थिति के कारण सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इसके बाद कोर्ट ने 17 अक्टूबर को सुनवाई के लिए अगली तिथि तय की। पूर्व मंत्री वृषिण पटेल की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत अर्जी बीते 23 अगस्त को कोर्ट ने सुनवाई के बाद खारिज कर दी थी। इसके पहले कोर्ट ने उनके खिलाफ वारंट जारी किया था। अब पूर्व मंत्री को कोर्ट के सामने हाजिर होना अनिवार्य हो गया है। कुढ़नी थाना क्षेत्र की एक नाबालिग ने पूर्व मंत्री के खिलाफ केस दर्ज कराया था। उसने साक्ष्य के तौर पर यौन शोषण का एक वीडियो भी कोर्ट में पेश किया था। परिवाद पर सुनवाई के बाद कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए पूर्व मंत्री को पेशी के लिए सम्मन जारी किया, लेकिन वे हाजिर नहीं हुए। इसके बाद वारंट जारी किया गया था। पीड़िता की अधिवक्ता ऋचा स्मृति सिंह ने बताया कि कोर्ट में दायर शिकायत वाद में पूर्व मंत्री पर नौकरी दिलाने के बहाने पटना बुलाकर यौन शोषण करने का आरोप है।

साओ व थानाध्यक्ष उपस्थित थे।

